कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 16-04-2024

विषय:- अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 16.04.2024 को कौशलेश नगर पार्क के पास से 01 नफर अभियुक्त मो0 फारूख उर्फ राजन पुत्र मो0 अशरफ निवासी B-32/98 नरिया साकेत नगर वाराणसी उम्र 22 वर्ष को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना लंका पर मु0अ0सं0-0151/2024, धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त से पूछताछ किया गया तो उक्त व्यक्ति ने बताया कि साहब इसमें शराब है जिसे मैं देहात से लाकर घाटो के किनारे ग्राहको को ढुंढकर ऊँचे दामो में बेचने वाला था कि आपने पकड़ लिया साहब मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है मुझे माफ कर दीजिये।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. मो0 फारूख उर्फ राजन पुत्र मो0 अशरफ निवासी B-32/98 नरिया साकेत नगर वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

विवरण बरामदगी- अभियुक्त के कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 16.04.2024 को, कौशलेश नगर पार्क के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0151/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 विकास कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रशान्त गुप्ता, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 विनोद कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अजीत कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।